| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज | न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| | **एआर विकास पूनियां**<br>**बनाम**<br>**लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार बिलाड़ा)**<br>सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353587504315498 | |
| 13/01/26 | अपीलार्थी एआर विकास पूनियां निवासी पिचियाक, बिलाड़ा, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बिलाड़ा) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 06.12.2025 NHAI के NH25 ग्राम पिचियाक से संबंधित संपूर्ण दस्तावेज माप तथा सड़क निर्माण के लिए तैयार नक्शे की माप सहित दस्तावेज उपलब्ध कराने से सम्बन्धित सूचना व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।<br><br>अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बिलाड़ा) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया।<br><br>हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बिलाड़ा) से प्राप्त तथ्यात्मक रिपोर्ट दिनांक 26.12.2025 अनुसार अपीलार्थी को कार्यालय पत्रांक 64 दिनांक 10.12.2025 द्वारा वांछित सूचना भिजवाई जा चुकी है।<br><br>अतः लोक सूचना अधिकारी की उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।<br><br>(गौरव अग्रवाल)<br>जिला कलक्टर, जोधपुर | |

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.01.13 13:25:27 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
19900351